प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर—अजमेर

दिनांकः 03.07.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच देशों की यात्रा के दूसरे चरण में आज त्रिनीदाद और टोबैगो पहुंचेंगें

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा—शेखावाटी अंचल की हवेलियों के संरक्षण और जीणोद्धार के लिए जरूरत पडने पर अधिनियम लाया जायेगां

- संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से—राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने सत्र के प्रस्ताव को मंजूरी दीं

- प्रदेशभर में मानसून रंगत में —पूर्वी राजस्थान के साथ पश्चिमी भागों में व्यापक वर्षा—हाडोती में नदी नाले उफान परं

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच देशों की यात्रा के दूसरे चरण में आज रात त्रिनीदाद और टोबैगो पहुंचेंगें वे वहां के राष्ट्रपति क्रिष्टीने कार्ला कांगलू और प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर के साथ द्विपक्षीय बातचीत करेंगे और संबंधों को मजबूत करने पर विचार— विमर्श करेंगें प्रधानमंत्री की यह यात्रा ऐतिहासिक है क्योंकि त्रिनीदाद और टोबैगो में भारतीय प्रवासियों के आगमन का यह 180वां साल हैं गौरतलब है कि ये केरिबियाई देश अपनी प्राकृतिक संपदा और सुंदर समुद्री तटों के लिए जाना जाता हैं यहां बडी संख्या में भारतीय मूल के लोग रहते हैं इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी कल रात घाना के अक्रा पहुंचें घाना के राष्ट्रपति जॉन ड्रॉमनी महामा ने हवाई अड्डे पर श्री मोदी का औपचारिक स्वागत किया और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर सहित 21 तोपों की सलामी दी गईं बाद में दोनों नेताओं ने सीमित और प्रतिनिधिमण्डल स्तर की वार्ता कीं बातचीत के बाद संयुक्त बयान में श्री मोदी ने घोषणा की कि उन्होंने भारत—घाना भागीदारी को व्यापक भागीदारी का रूप देने का फैसला किया हैं

00000

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव आज नई दिल्ली में ब्रॉडकास्ट एंड मीडिया टैक्नोलॉजी—बीईएस एक्सपो 2025 से संबंधित 29वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन और प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगें इस वर्ष के सम्मेलन का विषय है —एआई के माध्यम से मीडिया परिदृश्य में परिवर्तनः सृजन, सहयोग और मुद्रीकरणं तीन दिन के इस सम्मेलन में जाने माने प्रसारणकर्ता, मीडिया क्षेत्र के पेशेवर और देश विदेश के वक्ता व्याख्यान देंगे और अत्याधुनिक प्रसारण विषयों पर विचार— विमर्श करेंगें

00000

राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों का राष्ट्रीय सम्मेलन आज से हरियाणा के मानेसर में शुरू हो रहा हैं दो दिन के इस सम्मेलन का उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगें संवैधानिक लोकतंत्र को मजबूत बनाने और राष्ट्र निर्माण में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका विषय पर इस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा हैं सम्मेलन का उद्देश्य देश में बढ़ते शहरीकरण में स्थानीय निकायों की भूमिका पर चर्चा करना हैं

00000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश की विरासत, पर्यटन और कला संस्कृति को बढावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं उन्होंने कहा कि प्रदेश में शेखावाटी अंचल की हवेलियों के संरक्षण और जीणोद्धार के लिए जरूरत पडने पर अधिनियम लाया जायेगां मुख्यमंत्री ने पर्यटन, कला एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख शासन सचिव को शेखावाटी की सभी 662 हेरिटेज हवेलियों के संरक्षण तथा जीर्णोद्धार के काम को तत्परता से करने के निर्देश दिएं उन्होंने सीकर, झुंझुनूं और चूरू जिला कलेक्टरों को ऐतिहासिक इमारतों के संरक्षण के लिए सीएसआर से भी सहयोग लेने को कहां

0000

संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से आयोजित किया जायेगां संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस संबंध में सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी हैं मानसून सत्र 21 अगस्त तक चलेगां सोशल मीडिया पोस्ट में श्री रिजिजू ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के मद्देनजर 13 और 14 अगस्त को संसद की बैठक नहीं होगीं

0000

श्री अमरनाथ जी की वार्षिक यात्रा औपचारिक रूप से आज से शुरू हुईं बाबा अमरनाथ की पवित्र गुफा के दर्शन के लिए दक्षिण कश्मीर के पहलगाम और मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले के बालटाल मार्ग से श्रद्धालु पंहुचेंगें प्रशासन ने आज तड़के यात्रियों को पवित्र गुफा के लिए दोनों मार्गों से जाने की अनुमति दीं श्रद्धालुओं को "बम बम भोले" और "बर्फानी बाबा की जय" के नारे लगाते देखा गयां स्थानीय लोगों, नागरिक समाज के सदस्यों और जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत कियां सरकार ने श्रद्धालुओं को पवित्र गुफा तक सुरक्षित और निर्बाध पहुंचाने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की हैं

0000

प्रदेशभर में मानसून अपनी पूरी रंगत में हैं मानसूनी बादल बीते 24 घंटों के दौरान पूर्वी राजस्थान के साथ हाडोती क्षेत्र के जिलों और पश्चिमी भागों में भी जमकर बरसें हाडोती में लगातार हो रही बारिश से नदी नाले उफान पर आ गये हैं कोटा में कई गांवों का संपर्क कट गया हैं जिले में कई जगह जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई हैं

0000

कोटा संभाग के अन्य जिलों में भी हो रही अच्छी बारिश से जलाशयों में पानी की आवक बढ गयी हैं बारां में लगातार बारिश से पार्वती नदी का जलस्तर तेजी से बढ रहा हैं वहां संबलपुर गांव में नदी में बने टापू पर फंसे दस लोगों को जिला प्रशासन ने समय रहते रेस्क्यू कियां हमारे संवाददाता ने बताया कि जिलेभर में कल दिनभर बरसात का सिलसिला बना रहां

0000

राज्य के पश्चिमी जिलों में भी कल मानसून मेहरबान बना रहां जोधपुर में बीते 24 घंटों के दौरान रूक–रूक कर बारिश का दौर चलता रहां जिले के ओसिया कापरडा पीपाड और बिलाडा में कई जगह तेज बारिश हुईं पाली में बीते दो दिनों से हो रही बारिश से भील बेरी का झरना बह निकला हैं हमारे संवाददाता ने बताया कि इसे देखने बडी संख्या में पर्यटक पंहुचे हैं भीलवाडा और आसपास के इलाकों में भी मानसूनी गतिविधियां बनी हुई हैं मांडलगढ, बिजोलिया, शाहपुरा, गुलाबपुरा, जहाजपुर सहित कई स्थानों पर मूसलाधार बारिश रिकॉर्ड हुईं इस सीजन की तेज बारिश से त्रिवेणी नदी उफान पर आ गई हैं भरतपुर में तीन दिन से रिमझिम बारिश का दौर जारी हैं मौसम केन्द्र जयपुर ने टोंक, सवाईमाधोपुर झुंझुनू और सीकर जिलों के लिए आज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया हैं वहीं जयपुर, भरतपुर, पाली, जालोर, सिरोही, बाडमेर, अलवर, कोटा, बारां, और उदयपुर जिलों के लिए यलो अलर्ट दिया गया हैं

0000

शिक्षा विभाग ने प्रदेश के 970 महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में विज्ञान संकाय के चारों विषय फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथमेटिक्स एवं बायोलॉजी खोलने के आदेश जारी किये हैं विद्यार्थियों की विज्ञान में दिलचस्पी बढाने और उनके घर के नजदीक ही सभी विषयों के साथ विज्ञान शिक्षा मुहैया कराने के उद्देश्य से पहली बार एक साथ इतनी बड़ी संख्या में स्कूलों में विज्ञान संकाय खोले जा रहे हैं

0000